07401

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2015

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-2 : ACCOUNTANCY-I

*Time : 2 Hours* — *Maximum Marks : 50*

*Weightage : 70%*

---

***Note :*** *Attempt **any four** questions, including Question No. **1** which is **compulsory**.*

---

**1.** Answer **any two** of the following : **7+7**

(a) Name the parties interested in Accounting information and state their basic interests therein.

(b) Explain with example the 'Cost Concept' and 'Dual Aspect Concept'.

(c) "Single entry book-keeping is an incomplete system". Do you agree ? Explain.

(d) Explain the method of valuation of unsold stock for calculating fair profit on consignment.

2. (a) What is Bank Reconciliation Statement ? What are its advantages ? **6+6**

(b) On 31$^{st}$ Dec. 2012, the Cash Book of Mr. Karamat Ali showed a debit balance of ₹ 5,850. Prepare the Bank Reconciliation statement to work out the passbook balance from the following information :

(i) Cheques amounting to ₹ 1,350 issued in mid December have not been presented for payment till 31-12-12.

(ii) A cheque of ₹ 900 was deposited but it was collected in the first week of January.

(iii) Dividend collected by bank, ₹ 390 has not been shown in Cash book.

(iv) ₹ 225 deposited by a customer direct in the bank account of the account holder.

(v) Bank charges, ₹ 45 appeared only in the pass book.

(vi) A cheque of ₹ 120 entered in Cash Book but it was not sent to bank for collection.

3. Prepare Final Accounts from the following Trial Balance which belong to financial year ending on 31st December 2012. **12**

| Name of Account | Debit Balance (₹) | Credit Balance (₹) |
|---|---|---|
| Stock (1-1-2012) | 60,000 | - |
| Land and Building | 6,00,000 | - |
| Furniture | 1,12,500 | - |
| Machinery | 3,00,000 | - |
| Capital | - | 6,00,000 |
| Sales | - | 11,25,000 |
| Wages | 52,500 | - |
| Purchases | 5,73,750 | - |
| Purchases Return | - | 16,500 |
| Sales Return | 26,250 | - |
| Carriage Inward | 11,250 | - |
| Salaries | 36,000 | - |
| Rent | 26,250 | - |
| Interest paid on bank loan | 11,250 | - |
| Discount | 3,750 | - |
| Bad debt | 3,750 | - |
| Interest received | - | 7,125 |
| Cash in hand | 16,125 | - |
| Cash at Bank | 41,250 | - |
| Investments | 56,250 | - |
| Debtors | 1,14,000 | - |
| Goodwill | 37,500 | - |
| Creditors | - | 1,50,000 |
| B/R and B/P | 15,000 | 11,250 |
| Bank Loan | - | 1,87,500 |
| | **20,97,375** | **20,97,375** |

Other Information :

(a) Stock as on 31-12-2012, ₹ 13,500

(b) Make a provision for doubtful debts @ 5%

(c) Accrued interest on investment, ₹ 1,200

(d) Depreciate Machinery by 10% and Furniture by 10%

**4.** Ram and Raheem entered into a contract to construct a building for ₹ 10,00,000. Ram was entrusted to maintain joint venture accounts and also to look after the joint venture business. He was entitled to a commission of 5% on contract price, in addition to a profit in a ratio of 4 : 3. Raheem paid his share of contribution of ₹ 4,00,000. Ram purchased construction material for ₹ 7,25,000 and paid other expenses, 25,000. Ram also contributed material from his own stock worth ₹ 40,000. Stock remaining unconsumed was taken over by Raheem for ₹ 50,000. **12**

Record the above transactions in the Journal of Ram and show the Joint Venture Account and Raheem's personal account as the working notes.

**5.** Comment on **any two** of the following statements : **6+6**

(a) Income and Expenditure Account is different from Profit and Loss Account.

(b) Trial Balance is not the conclusive proof a accuracy of books.

(c) Accounting equation is based on Dual concept of Book-keeping.

6. (a) From the following particulars taken from the Cash Book of a club prepare a Receipts and Payments Account for the year ending 31-3-2013. **6+6**

| **Opening balance** | ₹ |
|---|---|
| Cash | 10,000 |
| Bank | 50,000 |
| Subscriptions | 3,30,000 |
| Donations Received | 26,000 |
| Investments purchased | 1,00,000 |
| Rent paid | 40,000 |
| General Expenses | 21,000 |
| Postage and stationery | 7,000 |
| Sundry Expenses | 3,000 |
| Closing cash in hand | 2,000 |

(b) Explain the factors that are taken into account while determining the amount of depreciation, and show how its total amount is worked out.

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2015

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-2 : लेखाविधि-I

*समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*
*कुल का : 70%*

---

***नोट :*** ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या* **1** *शामिल हो क्योंकि यह* ***अनिवार्य*** *है।*

---

**1.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7+7**

(a) लेखा संबंधी जानकारी में हित रखने वाले विभिन्न पक्षकारों के नाम बताइए, तथा इस जानकारी में उनके मुख्य हितों का उल्लेख कीजिए।

(b) 'लागत संकल्पना' तथा 'द्विपक्षीय संकल्पना' की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

(c) "लेखांकन की इकहरी लेखा प्रणाली एक अपूर्ण प्रणाली है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? व्याख्या कीजिए।

(d) परेषण पर हुए लाभ की सही गणना के लिए अनबिके माल के मूल्यांकन की विधि की व्याख्या कीजिए।

2. (a) बैंक समाधान विवरण से क्या तात्पर्य है? इसके क्या लाभ हैं? 6+6

(b) 31 दिसंबर, 2012 को करागत अली की रोकड़ बही में ₹ 5,850 का शेष दिखाया गया है। निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर पासबुक का शेष ज्ञात करने के लिए उसका बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए :

(i) दिसंबर के मध्य में निर्गमित किए गए ₹ 1,350 के चैक 31-12-12 तक बैंक में भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किए गए।

(ii) ₹ 900 का एक चैक, जिसे वसूली के लिए बैंक में जमा किया गया था, जनवरी के प्रथम सप्ताह में वसूल (क्रेडिट) हुआ।

(iii) बैंक द्वारा वसूल किया गया ₹ 390 का डिविडंड रोकड़ बही में नहीं दिखाया हुआ।

(iv) एक ग्राहक ने ₹ 225 सीधे बैंक में ही अली के खाते में जमा करा दिया।

(v) बैंक सेवा प्रभार (bank charges) की ₹ 45 की राशि केवल पासबुक में ही दिखाई हुई है।

(vi) ₹ 120 के एक चैक की रोकड़ बही में प्रविष्टि की हुई है लेकिन इसे वसूली के लिए बैंक को नहीं भेजा गया।

3. निम्नलिखित तलपट, जो 31 दिसंबर 2012 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष से संबंधित है, के आधार पर फर्म के अंतिम लेखे तैयार कीजिए : 12

| लेजर खाते का नाम | डेबिट शेष ₹ | क्रेडिट शेष ₹ |
|---|---|---|
| स्टॉक (1-1-2012 को ) | 60,000 | - |
| भूमि व भवन | 6,00,000 | - |
| फर्नीचर | 1,12,500 | - |
| मशीनरी | 3,00,000 | |
| पूंजी | - | 6,00,000 |
| विक्रय | - | 11,25,000 |
| मजदूरी | 52,500 | - |
| क्रय | 5,73,750 | - |
| क्रय वापसी | - | 16,500 |
| विक्रय वापसी | 26,250 | - |
| आगत माल भाड़ा | 11,250 | - |
| वेतन | 36,000 | - |
| किराया | 26,250 | - |
| बैंक ऋण पर ब्याज | 11,250 | - |
| कटौती | 3,750 | - |
| डूबत ऋण | 3,750 | - |
| प्राप्त ब्याज | - | 7,125 |
| रोकड़ शेष | 16,125 | - |
| बैंक शेष | 41,250 | - |
| निवेश | 56,250 | - |
| देनदार | 1,14,000 | - |
| ख्याति (goodwill) | 37,500 | - |
| लेनदार | - | 1,50,000 |
| प्राप्य बिल/देय बिल | 15,000 | 11,250 |
| बैंक ऋण | - | 1,87,500 |
| | 20,97,375 | 20,97,375 |

अन्य सूचनाएँ :

(a) स्टॉक (31-12-2012) ₹ 13,500।

(b) अशोध्य ऋणों के लिए 5% की दर से प्रावधान कीजिए।

(c) निवेश पर उपार्जित आय ₹ 1,200।

(d) मशीनरी व फर्नीचर पर 10% प्रतिवर्ष की दर से मूल्य ह्रास लगाइए।

4. राम तथा रहीम ₹ 10,00,000 के एक ठेके के लिए एक भवन का निर्माण करने हेतु संयुक्त उपक्रम में शामिल होते हैं। राम को संयुक्त उपक्रम संबंधी लेख रखने तथा कार्य पूरा करने का कार्य सौंपा गया। वह ठेका मूल्य पर 5% कमीशन का अधिकारी है तथा वे दोनों 4 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटेंगे। रहीम ने अपने हिस्से के लिए ₹ 4,00,000 का अंशदान दिया। राम ने ₹ 7,25,000 की भवन सामग्री क्रय की तथा ₹ 25,000 के अन्य व्ययों का भुगतान किया। राम ने अपने स्टॉक से ₹ 40,000 की सामग्री भी लगाई। ₹ 50,000 का बचा हुआ माल रहीम ने ले लिया। उपर्युक्त लेनदेनों को राम के जर्नल में दिखाइए, तथा कार्यकारी नोट के रूप में संयुक्त उपक्रम खाता एवं रहीम का व्यक्तिगत खाता तैयार कीजिए। 12

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** कथनों की समालोचना कीजिए : 6+6

(a) आय-व्यय खाता लाभ-हानि खाते से भिन्न होता है।

(b) तलपट लेखा बहियों का निश्चायक प्रमाण नहीं होता।

(c) लेखा समीकरण लेखांकन की द्विपक्षीय संकल्पना पर आधारित है।

6. (a) एक क्लब की रोकड़ बही से लिए गए निम्नलिखित विवरण से 31-3-2013 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 'प्राप्ति एवं भुगतान खाता' तैयार कीजिए। 6+6

| प्रारम्भिक शेष | ₹ |
|---|---|
| रोकड़ | 10,000 |
| बैंक | 50,000 |
| चन्दा (subscriptions) | 3,30,000 |
| प्राप्त दान | 26,000 |
| निवेशों का क्रय | 1,00,000 |
| किराए का भुगतान | 40,000 |
| सामान्य व्यय | 21,000 |
| डाक व्यय व स्टेशनरी | 7,000 |
| विविध व्यय | 3,000 |
| अन्तिम शेष रोकड़ का | 2,000 |

(b) मूल्यह्रास की राशि का निर्धारण करते समय किन तत्वों को ध्यान में रखना होता है? व्याख्या कीजिए तथा यह दर्शाइए कि इसकी कुल राशि की गणना कैसे की जाती है?

---